RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 30 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 117 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### उद्धव ठाकरे की 'असल ताकत' पर भाजपा की नजरें...!

# गणेश उत्सव पर मुंबई जा रहे हैं अमित शाह

मुंबई : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हर साल गणेश चतुर्थी समारोह के लिए मुंबई जाते हैं। इस बार भी वे 5 सितंबर को मुंबई दौरे पर जाने वाले हैं। बता दें कि इस बार गणेश चतुर्थी उत्सव 31 अगस्त से 9 सितंबर के बीच मनाया जा रहा है। ऐसे में शाह की मुंबई यात्रा के कई मायने भी निकाले जा रहे हैं। वे इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सकते हैं। हालांकि शाह की इस यात्रा का जो प्रमुख राजनीतिक एजेंडा होने वाला है वह है बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आगामी चुनाव।



भाजपा के वरिष्ठ सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि शाह पार्टी की महाराष्ट्र और मुंबई इकाई के नेताओं के साथ सिलसिलेवार बैठक करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, ''जब मोदी और शाह की बात आती है, तो फिर कोई छुट्टी नहीं होती है। इसलिए, अगर ऐसा लगता है कि वह लालबागचा राजा [मुंबई के सबसे पुराने गणेश मंडलों में से एक] की पूजा करने के लिए मुंबई आ रहे हैं, तो वह राज्य कोर कमेटी टीम के साथ कई बैठकें करेंगे।''

सूत्रों ने कहा कि शाह अगले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रोडमैप पर भी चर्चा करेंगे। लेकिन फोकस बीएमसी के 227 वार्डों पर होगा। सूत्रों ने कहा कि राज्य के नेताओं के साथ उनकी बैठक का उद्देश्य दुनिया की सबसे अमीर नगरपालिका यानी बीएमसी की लड़ाई में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का मुकाबला करने के लिए कैडर को सक्रिय करना है। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर रुका हुआ चुनाव जनवरी-फरवरी 2023 में होने की संभावना है।

शिवसेना ने पिछले 30 वर्षों भाजपा के साथ गठबंधन में और बाद में स्वतंत्र रूप से बीएमसी का कंट्रोल अपने पास रखा है। लेकिन अब महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद शिवसेना के मुंबई के कई विधायकों ने भी अपना पाला बदल लिया है। तो ऐसे में उद्धव ठाकरे के लिए राह आसान होने वाली नहीं है। भाजपा इसका पूरा लाभ उठाने के प्रयास में है। शिवसेना, जिसे मोटे तौर पर मुंबई की पार्टी के रूप में देखा जाता है, इसलिए उसकी सबसे प्रमुख ताकत भी नगर निकाय को अपने नियंत्रण में रखने से ही है। ठाकरे से सरकार का नियंत्रण छीनने के बाद, भाजपा अब बीएमसी पर शिवसेना की पकड़ को हटाना चाहती है। 2017 में, पहली बार, बीजेपी शिवसेना के 85 के मुकाबले 82 सीटें जीतकर करीबी मुकाबले में आई थी। अब शिंदे सेना के साथ मिलकर भाजपा उद्धव ठाकरे के प्रभाव को कम करना चाहती है।

## मुंबई में विधान भवन के सामने युवक ने की थी आत्मदाह की कोशिश, सातवें दिन अस्पताल में मौत

**मुंबई :** मुंबई में विधान भवन के सामने आत्महत्या का प्रयास करने वाले सुभाष देशमुख नाम के व्यक्ति की आज सोमवार को अस्पताल में मौत हो गई है. इस शख्स ने 23 अगस्त को खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश की और यह व्यक्ति 20-30 प्रतिशत झुलस गया था. इसके बाद इसे जीटी अस्पताल ले जाया गया है, अब 7 दिन बाद इस व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है. बता दें कि 23 अगस्त को मंगलवार के दिन जब मानसून सत्र की कार्रवाई चल रही थी तभी बाहर एक बड़ा हादसा हुआ था. उस्मानाबाद के एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ हुए संपत्ति विवाद को लेकर खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. आग लग जाने से वह व्यक्ति 15-20 फीसदी झुलस गया था. वहीं इस घटना के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और व्यक्ति को अस्पताल ले गए. इस घटना को लेकर पुलिस ने कहा कि मुंबई विधान भवन के सामने खुद को आग लगाने वाला व्यक्ति उस्मानाबाद के वाशी तहसील के तंदुलवादी गांव के सुभाष भानुदास देशमुख है. इसने अपने भाई से झगड़ा होने के बाद आत्मदाह का प्रयास किया है और आग लगने से यह व्यक्ति 20-30 प्रतिशत झुलस गया जिसे जीटी अस्पताल ले जाया गया. जानकारी के अनुसार यह व्यक्ति अपने भाई के साथ हुए संपत्ति विवाद को लेकर काफी परेशान था, इसलिए इसने यह कदम उठाया था.



## परेल में बीए रोड पर पेट्रोल पंप के पास लगी आग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

**मुंबई :** मुंबई के लोअर परेल इलाके में एफ साउथ वार्ड कार्यालय और अपना बाजार के सामने सोमवार दोपहर एक पेट्रोल पंप के पास आग लगने की सूचना मिली है.घटना के बाद, मेट्रोपॉलिटन फायर ब्रिगेड (एमएफबी), पुलिस, बेस्ट सप्लाई, महानगर गैस (एमजीएल) स्टाफ 108 एम्बुलेंस के साथ स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंचे। अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।पेट्रोल पंप के पास एक महानगर गैस पाइपलाइन है और आशंका जताई जा रही है कि आग भूमिगत से निकलते ही उस पाइपलाइन से गैस रिसाव के कारण लगी। एहतियात के तौर पर इलाके की कुछ दुकानों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी गई है। इस बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस के अपडेट के अनुसार, परेल टिटी स्लीप रोड, एसबी रोड पर यातायात अवरुद्ध कर दिया गया है और उक्त अग्नि स्थान से यातायात को बंबू गली, सेंट जेवियर्स मार्ग, हिंदमाता की ओर मोड़ दिया गया है।



## जिंदगी खत्म करने ट्रेन के सामने दौड़ी लड़की, बॉयफ्रेंड ने किया शादी से इंकार!

मुंबई: प्यार में धोखा मिलने के बाद मानों जिंदगी बेरंग सी हो जाती है, जिस शख्स को बेहद दिल से चाहा अगर वक्त आने पर वो ही अपने वादों से मुकर जाएं तो सदमा लगना जाहिर सी बात है, लेकिन इससे जुड़ा जो वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर सामने आया है वह दिल दहला देने वाला है। जी हां आपको बता दें कि यह दिल दहला देने वाली घटना मुंबई की है, जहां 22 साल की एक लड़की ने रविवार दोपहर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह युवती दरअसल लोकल ट्रेन के सामने आत्महत्या करने के इरादे से आई थी, दरअसल इसकी वजह है प्यार में धोखा। जी हां हुआ ये कि लड़की के प्रेमी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। ऐसे में वह दौड़ती हुई लोकल ट्रेन के सामने गई और वह युवती ट्रेन के ओर मुंह करके खड़ी थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। लड़की ने की आत्महत्या की कोशिश लोकल रेल चला रहे चालक के हस्तक्षेप के कारण इस युवती की आत्महत्या का प्रयास सफल नहीं हो सका और इस युवती की जान बच गई है। बता दें कि यह सारी घटना रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर हुई। इस होश उड़ा देने वाली घटना से रेलवे स्टेशन पर खड़े यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने रेलवे स्टेशन से ही चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला को बचाने के लिए, उसे एक तरफ ले जाने के लिए यात्रियों ने रेलवे स्टेशन से मदद के लिए चिल्लाना भी शुरू कर दिया।



ऐसे में वहा मौजूद एक यात्री ने इस घटना का पूरा वीडियो अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। इस वीडियो में यात्रियों की आवाजें और दौड़ती लोकल में खड़ी महिला की आत्महत्या की कोशिश वास्तव में दिल दहला देने वाली थी। जानें क्या है पूरा माजरा आपको बता दें कि यह होश उड़ा देने वाली घटना रविवार दोपहर भायखला रेलवे स्टेशन पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार, यह युवती दादर की रहने वाली है। इस लड़की ने आत्महत्या का इतना बड़ा कदम उठाया था क्योंकि उसके प्रेमी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। दिलचस्प बात यह है कि कहा जाता है कि इस लड़की को उसके प्रेमी ने उसी रेलवे स्टेशन पर शादी के लिए मना कर दिया था जहां यह घटना हुई थी। इस लड़की का प्रेमी भी रेलवे स्टेशन पर मौजूद था।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# ध्वस्त भ्रष्टाचार का टॉवर

आखिरकार नोएडा में सुपरटेक बिल्डर द्वारा बनाये गये विवादित गगनचुंबी टॉवर पेक्स और सेयेन जमींदोज हो गये। स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने नियमों के उल्लंघन पर लंबी लड़ाई लड़ी। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने टॉवरों को गिराने के आदेश दिये थे। देश में गिराई गई सबसे बड़ी बहुमंजिला इमारत का सबसे बड़ा सबक यही है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। यही वजह है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुरू हुआ मामला आखिरकार सुप्रीम कोर्ट में तार्किक परिणति तक पहुंचा। दरअसल, 2011 में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर करके आरोप लगाया था कि इन टॉवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट अधिनियम 2010 का उल्लंघन किया गया। आरोप था कि टॉवरों को बगीचे के लिये आवंटित भूमि पर अवैध रूप से निर्मित किया गया। इस सारे प्रकरण में नोएडा प्रशासन की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे। आखिरकार निर्धारित ऊंचाई व अन्य मामलों में तमाम कानूनों तथा मानकों के उल्लंघन के बावजूद बिल्डर के खिलाफ समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यही वजह है कि वर्ष 2014 में याचिकाकताओं के पक्ष में फैसला आया। शीर्ष अदालत ने निमार्ता कंपनी सुपरटेक को टॉवर गिराने का खर्च वहन करने तथा घर खरीदने वालों को ब्याज समेत पैसा लौटाने के आदेश दिये थे। निस्संदेह कानून उल्लंघन पर गिरायी जाने वाली देश की यह सबसे ऊंची इमारत थी, लेकिन इससे पहले 2020 में केरल में एक झील के किनारे बने एक आलीशान अपार्टमेंट को भी ध्वस्त किया गया था।

हालांकि, बिल्डर ने इस फैसले के बाद पांच सौ करोड़ रुपये डूबने की बात कही है लेकिन कोर्ट के सख्त फैसले की नजीर है कि बिल्डर उपभोक्ताओं की खून-पसीने की कमाई से खिलवाड़ नहीं कर सकते। देशभर में ऐसे तमाम मामले प्रकाश में आते हैं जब जीवनभर की जमा पूंजी से घर खरीदने वाले लोगों से बिल्ड़र छल करते हैं। इतना ही नहीं, बिल्डर जमीन बेचने वाले किसानों को भी न्यायोचित भुगतान नहीं करते। औने-पौने दामों में जमीन खरीदकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। अकसर खरीदारों के घर तय मानकों पर खरे नहीं उतरते। समय पर मकान नहीं सौंपे जाते। यहां सवाल उन सरकारी अधिकारियों व संस्थाओं पर भी उठते हैं जो बहुमंजिली इमारतों के नक्शे पास करते हैं व निर्माण के वक्त ठीक से जांच नहीं करते। कह सकते हैं कि बिल्डरों के निरंकुश व्यवहार पर आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। इस मामले पर सरकारों व राजनीतिक दलों की भूमिका भी संदेह के घेरे में रहती है। इस मामले में भी यदि अदालत सख्त रवैया न अपनाती तो बिल्डर धनबल के बूते खेल खेलने का कोई मौका न चूकते। इस फैसले के क्रियान्वयन से पूरे देश के बिल्डरों को सख्त संदेश मिला है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। हालांकि यह जरूर है कि इन टॉवरों को सुरक्षित गिराने की प्रक्रिया में आसपास के हजारों लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। साथ ही एक चिंता मलबे से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की भी है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चंद्रशेखर बावनकुले ने अयोग्यता संबंधी गोगावले के बयान से BJP को किया अलग



**नागपुर/मुंबई:** भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शिवसेना के बागी विधायक एवं मंत्री भरत गोगावले के एक बयान से अपनी पार्टी को सोमवार को अलग कर लिया। गोगावले ने उक्त बयान में कहा था कि उनके खिलाफ अदालत में चल रहा अयोग्यता का मामला इस सरकार का कार्यकाल समाप्त होने तक चलेगा। उक्त बयान के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि उनके पास गोगावाले के सटीक बयान की जानकारी नहीं है। बावनकुले ने कहा, ''मैं केवल इतना कह सकता हूं कि उच्चतम न्यायालय का फैसला हमें स्वीकार्य होगा।'' गोगावले ने यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े से शिवसेना के सभी विधायक अगले विधानसभा चुनाव में फिर से चुने जाएंगे। भाजपा नेता पंकजा मुंडे के शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल होने के बारे में राकांपा नेता अमोल मितकारी के दावे के बारे में सवाल किए जाने पर बावनकुले ने इस तरह के दावों का खंडन किया और कहा कि ''भाजपा उनके (मुंडे के) खून में बहती है।'' उन्होंने कहा, ''वह सिर्फ राज्य की नेता नहीं हैं, बल्कि एक राष्ट्रीय नेता हैं। वह मध्य प्रदेश भाजपा की सह-प्रभारी हैं। वह पार्टी नहीं छोड़ेंगी।''

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के हालिया बयान के बारे में पूछे जाने पर कि शिवाजी पार्क में पार्टी की वार्षिक दशहरा रैली के लिए अनुमति प्राप्त करने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, बावनकुले ने कहा कि यह एक प्रशासनिक मुद्दा है और मुंबई के नगर निकाय द्वारा नियमों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह नागपुर क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को फिर से शुरू करने के लिए राज्य सरकार के सामने एक प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा, ''भाजपा सरकार द्वारा (2014 से 2019 के बीच) नागपुर जिले के लिए लगभग 5000 करोड़ रुपये के विकास कार्य अनुमोदित किया गया था और उसे महा विकास आघाड़ी सरकार द्वारा रोक दिया गया था। इसमें नागपुर नगर निगम के साथ ही जिला परिषद और अन्य विभाग के लगभग 900 करोड़ रुपये के कार्य शामिल हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने जिलाधिकारी से मुलाकात की और इन परियोजनाओं को फिर से शुरू करने के लिए यहां होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राज्य सरकार को एक प्रस्ताव पेश करने का निर्णय लिया गया है।''

# झगड़े के बाद दोस्त की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार, नेपाल का रहने वाला था पीड़ित



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मामूली विवाद के बाद अपने 30-वर्षीय दोस्त की कथित तौर पर हत्या करने और शव को नाले में फेंकने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. हिल लाइन थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 24 अगस्त को उल्हासनगर कस्बे के दशहरा मैदान में एक नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला था.

**नेपाल का रहने वाला था मृतक**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के शरीर पर कई घाव के निशान थे और युवक की मौत कुछ दिन पहले हो गई थी. अधिकारी ने बताया कि एक जांच दल ने विभिन्न सुरागों की मदद से मृतक की पहचान दीपक भट के रूप में की. वह नेपाल का रहने वाला है और एक खाद्य कंपनी में बतौर रसोइया काम करता था. पुलिस को पता चला कि शव मिलने से कुछ दिन पहले भट और उसके कुछ नेपाली दोस्तों ने साथ मिलकर शराब पी और खाना खाया. इसी दौरान उनके बीच किसी बात पर विवाद हो गया और वह एक-दूसरे को अपशब्द कहने लगे.

**हत्या कर शव को नाले में फेंका**

अधिकारी ने बताया कि बाद में, भट के दो दोस्तों ने 18 अगस्त को कथित तौर पर डंडे से पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी और शव को नाले में फेंक दिया. उन्होंने बताया कि पुलिस ने रविवार को कालू उर्फ किशन थापा नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया. अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302-(हत्या), 201 (सबूत नष्ट करना) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# मौके की तलाश में होते हैं गद्दार, आदित्य ठाकरे ने ईडी सरकार की ली खबर



**नागपुर :** शिवसेना विधायक व युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने नागपुर दौरे पर बागी गुट को जमकर आड़े हाथ लिया. उन्होंने कहा कि असली शिवसेना और नकली शिवसेना ऐसा कुछ नहीं है. शिवसेना ही शिवसेना है. गद्दार बाहर हो गए हैं लेकिन जनता पहले भी हमारे साथ थी और आगे भी रहेगी. उन्होंने कहा कि गद्दारों को मौके की तलाश होती है. दशहरा का मेला शिवसेना का ही होता है और इस वर्ष भी रहेगा. शिवतीर्थ में मेला के लिए अनुमति का आवेदन दिया है लेकिन यह 'खोके सरकार' तानाशाही कर रही है. अनुमति नहीं मिली तो भी शिवतीर्थ पर शिवसेना का ही मेला होगा. नागपुर दौरे पर आए ठाकरे ने कहा कि मेरी शिवसंवाद यात्रा को भारी प्रतिसाद मिलने से 'खोके सरकार' घबरा गई है. इस दौरान विधायक दुष्यंत चतुर्वेदी, प्रमोद मानमोड़े, नितिन तिवारी उपस्थित थे. शहरों में अर्बन फॉर्मिंग की जरूरत ठाकरे ने अमर शहीद विजय कापसे स्मृति प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित तान्हा पोला का उद्घाटन करते हुए कहा कि बढ़ते शहरीकरण के चलते शहरी बच्चों को खेती क्या होती है यह जानकारी नहीं होती. उन्हें जानकारी देने के लिए शालाओं को शहरों में अर्बन फॉर्मिंग जैसे उपक्रम शुरू करने चाहिए. इस दौरान दीपक कापसे भी उपस्थित थे. ठाकरे ने अनुराग रोटकर परिवार के 6 फुट के नंदी की पूजा की. नांदगांव के किसानों से मिले ठाकरे ने विद्युत प्रकल्प के फ्लाई ऐश से खेतों को पहुंचे नुकसान का जायजा लिया और नांदगांव के पीड़ित किसानों से संवाद साधा. उन्होंने डीसीएम देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात कर किसानों की समस्या के निराकरण की चर्चा करने अन्यथा जरूरत पड़ने पर सड़क पर उतरकर संघर्ष करने की चेतावनी भी दी.



## सभी जिलों की पुलिस अलर्ट पर



**मुंबई :** पिछले दिनों मुंबई के एक फाइव स्टार होटल में बम रखने की धमकी ने लोगों को भयभीत कर दिया था। इसके बाद से ही मुंबई-ठाणे सहित राज्य के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। इस के तहत मुंबई व ठाणे पुलिस ने भी गणेशोत्सव के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में गुप्तचरों (मुखबिरों) को अलर्ट कर दिया है। ये क्षेत्र में गश्त लगा रहे हैं। विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों भिवंडी और मुंब्रा पर खास नजर रखी जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस के गुप्तचर हमेशा ही जानकारी इकट्ठा कर अपराधियों को पकड़वाने में पुलिस की मदद करते हैं। बता दें कि हाल ही में सहार स्थित ललित होटल में बम रखने की धमकी मिली थी। इस धमकी के बाद से ही महाराष्ट्र पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। सभी पुलिस आयुक्तों को अपने-अपने आधिकारिक क्षेत्र में गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा इंतजाम करने का आदेश दिया गया है। इसी के तहत ठाणे पुलिस ने अपने क्षेत्र में आनेवाले संवेदनशील क्षेत्रों में गुप्त जानकारी देनेवाले मुखबिरों को काम पर लगाकर जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया है।

## 'ईडी' सरकार आज नहीं तो कल जरूर गिरेगी- जयंत पाटील



**मुंबई :** राज्य में मध्यावधि चुनाव कब होंगे, यह हम नहीं कह सकते लेकिन राज्य की शिंदे-फडणवीस यानी 'ईडी' सरकार आज नहीं तो कल जरूर गिरेगी, यह भविष्यवाणी राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने बुलढाणा में आयोजित एक सभा में की। विधान सभा के मध्यावधि चुनाव का रंग दिखाई दे रहा है, ऐसा भी उन्होंने कहा। जयंत पाटील ने एक बार पुनः राज्य के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा शुरू किया है।

बुलढाणा जिले के दौरे के दौरान मलकापुर में मराठा मंगल कार्यालय में संपन्न हुई समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने उक्त बातें कहीं। राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों पर अपनी बेबाक राय रखते हुए उन्होंने 'ईडी' सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'ईडी' सरकार का भविष्य सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर टिका है। सुप्रीम कोर्ट से इस पर निर्णय आने में कितना समय लगेगा, यह कहना मुश्किल है। अगर देश में न्याय व्यवस्था बची है तो संविधान की दसवीं सूची में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करना ही चाहिए। ऐसी अपेक्षा उन्होंने व्यक्त की। लोकतंत्र को बचाने के लिए पक्षांतर बंदी कानून पर अमल होना नितांत आवश्यक है। तभी जाकर बगावत करनेवालों को सबक मिलेगा, ऐसा पाटील ने कहा।

इस देश में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किए गए कार्यों के अलावा मोदी सरकार का कोई भी काम निचले स्तर तक नहीं पहुंचा है। गडकरी के पीछे अब कोई तो लगा है, ऐसा कहते हुए पाटील ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा। कुछ दिनों पहले केंद्रीय चुनाव समिति और भाजपा संसदीय मंडल से नितीन गडकरी को हटा दिया गया था। उसके बाद गडकरी का पर कतरने की चर्चा राजनीतिक गलियारे में जोरों पर थी। पेट्रोल, डीजल, गैस में बढ़ोतरी आदि को लेकर मोदी सरकार पर जमकर पाटील ने हमला बोला। जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को भाजपा ने गिराकर मतदाताओं और देश के संविधान का अपमान किया है। राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार पर निशाना साधते हुए पाटील ने कहा कि लेन-देन से इस सरकार का निर्माण हुआ है। इस लेन-देन का आंकड़ा ५० खोका तक पहुंच गया है। महाराष्ट्र की जनता को यह अच्छा नहीं लगा। आगामी चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, ऐसा पाटील ने कहा।

## विघ्नहर्ता के मार्गों पर युद्धस्तर पर गड्ढों को पाटने का काम



**मुंबई :** विघ्नहर्ता के मार्गों पर बने गड्ढों को पाटने का काम युद्धस्तर पर शुरू है। मनपा प्रशासन यह टारगेट लेकर चल रहा है कि भगवान गणेश के आगमन और विसर्जन में निकलनेवाली शोभायात्रा से पहले ही सड़कें चकाचक हो जाएं। इसके तहत गड्ढों को भरने के लिए मनपा 'रैपिड क्यूरिंग कांक्रीट' का इस्तेमाल कर रही है। इसके इस्तेमाल के चार घंटे बाद ही सड़कों पर वाहनों का परिचालन शुरू करना संभव हो रहा है। मनपा प्रशासन का कहना है कि बारिश में सड़कों को रैपिड क्यूरिंग अस्फाल्ट के उपयोग से भरा जाएगा। अतिरिक्त आयुक्त पी. वेलरासु ने बताया कि इन तकनीकों के इस्तेमाल से संबंधित मार्गों पर तत्काल परिवहन को शुरू किया जा सकेगा।

गणेशोत्सव बुधवार से शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए मनपा आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कर रही है। हालांकि शोभायात्रा वाले मार्गों में गड्ढों की अधिक संख्या ने मनपा के सामने चुनौती खड़ी कर दी थी। इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए मनपा ने गड्ढों को नई तकनीक से भरने का फैसला किया है। वर्तमान में 'रैपिड क्यूरिंग कांक्रीट' का प्रयोग किया जा रहा है। यह कांक्रीट गोदरेज और अल्ट्राटेक कंपनी से मंगवाई जा रही है। इस कांक्रीट के इस्तेमाल के बाद सड़क पर यातायात शुरू करने में चार घंटे लगते हैं इसलिए काम रात में किया जा रहा है, जबकि 'रैपिड क्योरिंग अस्फाल्ट' के इस्तेमाल से बारिश में भी गड्ढे भरे जा सकेंगे। इसकी टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। साथ ही गड्ढों को भरने के लिए वॉर्ड स्तर पर भी कोल्ड मिक्स का प्रयोग जारी है। इसके लिए मानसून से पहले मनपा द्वारा २४ वॉर्डों में ३,००० 'कोल्डमिक्स' की आपूर्ति की जा चुकी है। नई तकनीक से गड्ढों को भरने के लिए मनपा ने मुंबई शहर के लिए एक करोड़, पूर्वी और पश्चिमी उपनगर के लिए क्रमशः दो-दो करोड़ रुपयों का टेंडर जारी किया था।

## ऐप डाउनलोड करते ही खाता साफ!




**मुंबई :** सायबर ठग ऑनलाइन जमाने में नए-नए हथकंडे अपनाकर आम जनता को लूट रहे हैं। इसी के तहत अब सायबर ठगों ने एक नई तकनीक का इस्तेमाल कर आम जनता का बैंक खाता खाली करना शुरू कर दिया है। इस नई तकनीक के तहत सायबर ठग किसी भी अनजान नंबर से फोन कर आम जनता को उसके मोबाइल नंबर पर लिंक भेजकर 'क्विक सपोर्ट ऐप' डाउनलोड करने को कहते हैं। ऐप डाउनलोड करते ही आम नागरिक के बैंक खाते की जानकारी सायबर ठगों को मिल जाती है और वे बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। ठाणे पुलिस ने किसी अनजान व्यक्ति के फोन अथवा मैसेज का जवाब न देने की हिदायत दी है। मतलब ऐसे अनजान लोगों की अनदेखी करें।

बता दें कि सायबर ठगों ने अब नए तरीकों से ठगी शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अब ठग विभिन्न कारण बताकर आम लोगों से विभिन्न प्रकार के ऐप डाउनलोड करवाते हैं और उसी ऐप के जरिए आम जनता के बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में दो प्रकार से सायबर ठग, ठगी करते नजर आ रहे हैं। जिसमें से पहला लाइट बिल नहीं भरा तो मीटर काट दिया जाएगा, ऐसा बोलकर आम जनता को विभिन्न प्रकार के 'क्विक सपोर्ट ऐप' डाउनलोड करने के लिए कहते हैं और ऐप डाउनलोड करते ही बैंक खातों की जानकारी सायबर ठग को मिल जाती है और वे बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं, जबकि दूसरे तरीके में सायबर ठग लोन की ईएमआई नहीं भरी गई है, ऐसा कहकर 'क्विक सपोर्ट ऐप डाउनलोड करने को कहते हैं। ऐप डाउनलोड करते ही लोनधारकों की सारी बैंक की जानकारी ठगों को मिल जाती है और ठग उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। ठाणे पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक मोराले ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा ऐसा कोई कॉल अथवा मैसेज आता है तो बिना डरे उसे नजरअंदाज कर दें या फिर बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल करें या बिजली विभाग से संपर्क करें।

## सड़कों पर थूकने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलानेवालों पर कार्रवाई




**मुंबई :** मनपा ने मुंबई में सड़कों पर थूकने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलानेवालों पर कार्रवाई करने के लिए पांच महीने बाद एक बार फिर से 'क्लीन अप मार्शल' को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मतलब सड़कों पर फिर से क्लीन अप मार्शल दिखेंगे। इस बार नए सिरे से नियुक्त होनेवाले 'क्लीन अप मार्शल' को जुमार्ना वसूलने का अधिकार नहीं दिया गया है। जुमार्ने का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन सुविधा मुहैया कराई जाएगी। यह जानकारी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त आशीष शर्मा ने दी। मुंबई को साफ और सुंदर बनाए रखने के लिए मनपा के माध्यम से कई उपाय किए जा रहे हैं। इसमें मनपा ने सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलानेवालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ठेकेदार के माध्यम से 'क्लीन अप मार्शल' नियुक्त किए थे। इस कार्रवाई में २०० रुपए का जुमार्ना वसूला जा रहा था। कोरोना से बचने के लिए मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया था। इस बीच दो साल की कोविड अवधि के दौरान 'क्लीन अप मार्शल' को सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी अधिकार दिया गया था। हालांकि इस कार्रवाई में दो सौ रुपए जुमार्ने की राशि वसूली पर होनेवाले आरोप-प्रत्यारोप और मारपीट की घटनाएं सामने आने लगी थीं। इतना ही नहीं क्लीन अप मार्शलों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगने लगे थे। ऐसे में ३१ मार्च को संबंधित अनुबंध की समाप्ति के बाद मुंबई में क्लीन अप मार्शल का काम बंद कर दिया गया है। लेकिन अब फिर से क्लीन अप मार्शल नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



# हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा सवाल...

## नवी मुंबई हवाई अड्डे के पास इमारतों की ऊंचाई में छूट अवैध कैसे?

**नवी मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को याचिकाकताओं से पूछा कि प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास की इमारतों के लिए ऊंचाई प्रतिबंधों में ढील देने का भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का निर्णय अवैध और कानून का उल्लंघन कैसे है? मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता यशवंत शेनॉय से पूछा कि आपने जो दलीलें दी है यह कागज पर की गई किसी भी याचिका का पता लगाने में विफल रहा है।

**हवाईअड्डा बनना अभी बाकी है, लेकिन इमारतें पहले बन रहीं**

अदालत को यह भी आश्चर्य हुआ कि हवाई अड्डे (नवी मुंबई) के निर्माण से पहले ही भवनों को निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई है। मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने कहा कि हमारे लिए सबसे मजेदार बात यह है कि हवाईअड्डा बनना अभी बाकी है, लेकिन इमारतें पहले बन रही हैं। आदर्श रूप से, हवाईअड्डा पहले और फिर इमारतें बननी चाहिए।



न्यायमूर्ति कार्णिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हवाईअड्डा बनने से पहले ही, आप (प्राधिकरण) सभी निर्माण करना चाहते हैं। यदि आप इसे इतना तंग करते हैं, तो क्या यह चिंता का विषय नहीं है? विकास की जरूरत है, लेकिन लोगों के जोखिम पर नहीं।

**ऊंचाई प्रतिबंध 55.1 मीटर से 160 मीटर तक उठाने का फैसला**

शेनॉय ने पिछले हफ्ते अदालत को बताया था कि एएआई ने प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के भवनों के लिए ऊंचाई प्रतिबंध 55.1 मीटर से 160 मीटर तक उठाने का फैसला किया है। एएआई ने सोमवार को उच्च न्यायालय को बताया कि पिछले दस दिनों में उसे 55.10 मीटर से ऊपर के भवनों के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगने के लिए 123 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें कहा गया है कि 104 संरचनाओं को एनओसी दी गई है और 19 आवेदन लंबित हैं। एएआई के हलफनामे के अनुसार, विमान अधिनियम के तहत 2015 में जारी नियम हवाई अड्डे के 20 किलोमीटर के दायरे में 55.10 मीटर से ऊपर के भवनों के निर्माण की अनुमति देते हैं।

## महाराष्ट्र में हो रहे सबसे ज्यादा सुसाइड, दिल्ली और ....

### NCRB के आंकड़े क्या कहते हैं

**नई दिल्लीः** देश में 2021 में महाराष्ट्र में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुईं। तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आत्महत्या के मामलों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पूरे भारत में ऐसे 1,64,033 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार ये आंकड़े सामने आए हैं। पेशे या करियर से संबंधित समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत और वित्तीय नुकसान देश में आत्महत्या की घटनाओं के मुख्य कारण हैं।

**एनसीआरबी के आंकड़े क्या कहते हैं**

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2020 में आत्महत्या के कुल 1,53,052 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में सात प्रतिशत अधिक कुल 1,64,033 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें कहा गया है कि आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल देश में महाराष्ट्र में आत्महत्या के सर्वाधिक 22,207



मामले दर्ज किए गए। इसके बाद, तमिलनाडु में 18,925, मध्य प्रदेश में 14,965, पश्चिम बंगाल में 13,500 और कर्नाटक में 13,056 मामले दर्ज किए गए जो आत्महत्या के कुल मामलों का क्रमशः 13.5 प्रतिशत, 11.5 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत और आठ प्रतिशत है। देश में दर्ज किए गए आत्महत्या के कुल मामलों में से इन पांच राज्यों में 50.4 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। शेष 49.6 प्रतिशत मामले 23 अन्य राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों में सामने आए। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में तुलनात्मक रूप से आत्महत्या के कम मामले सामने आए जो देश में दर्ज इस तरह की घटनाओं का केवल 3.6 प्रतिशत हैं। वहीं, केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वाधिक आबादी वाली दिल्ली में 2021 में आत्महत्या के सर्वाधिक 2,840 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद पुडुचेरी में 504 मामले दर्ज किए गए। गत वर्ष देश के 53 बड़े शहरों में आत्महत्या के कुल 25,891 मामले दर्ज किए गए। देश में 2021 में प्रति एक लाख की आबादी पर आत्महत्या के मामलों की राष्ट्रीय दर 12 रही। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आत्महत्या की उच्चतम दर (39.7) दर्ज की गई। इसके बाद सिक्किम (39.2), पुडुचेरी (31.8), तेलंगाना (26.9) और केरल में यह दर 26.9 दर्ज की गई।

## मुंबई के शिवाजी पार्क में होगी शिवसेना की दशहरा रैलीः उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे सोमवार को कहा कि, शिवसेना की दशहरा रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में होगी। इस रैली में प्रदेश भर से शिवसैनिक पहुंचेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, हमें नहीं पता कि हमें रैली की अनुमति मिलेगी या नहीं। ठाकरे का यह बयान उनकी अगुवाई वाले पार्टी के धड़े को बृहन्मुंबई महानगरपालिका से रैली के लिए अभी तक मंजूरी नहीं मिलने की पृष्ठभूमि में आया है। शिवसेना पिछले कई वर्षों से विशाल शिवाजी पार्क में इस रैली का आयोजन करती रही है, जिसमें पार्टी संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे का



भाषण भी होता था। यह इस साल जून में शिवसेना में विभाजन के बाद उसकी पहली दशहरा रैली होगी। उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा था कि अधिकारी शिवसेना की वार्षिक दशहरा रैली के लिए उसके आवेदन को स्वीकार नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे नीत सरकार 'दमनकारी है। दशहरा इस साल पांच अक्टूबर को मनाया जाएगा। उद्धव ठाकरे ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि शिवसैनिकों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से शिवाजी पार्क आने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

उन्होंने कहा, ''शिवसेना का वार्षिक समागम शिवतीर्थ में होगा। शिवसेना शिवाजी पार्क को 'शिवतीर्थ कहकर पुकारती है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) पर 1997 से इस साल मार्च तक शिवसेना का नियंत्रण रहा है। मार्च में पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव नहीं हो पाए हैं। बीएमसी का कामकाज इस समय प्रशासक देख रहे हैं।

## गढ़चिरौली में पुलिसकर्मी ने साथी को गोली मारी

**नागपुर :** महाराष्ट्र में गढचिरौली जिला पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) के एक सदस्य ने सोमवार को जंगल में नियमित गश्त के दौरान कथित पर अपने साथी को गोली मारकर घायल कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना जिले के एट्टापल्ली तालुका में सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक सूचना के



मुताबिक क्यूआरटी के जवान संतोष सिदाम ने अपने सहकर्मी विजय कारमे को गोली मारकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि कारमे को सीने के बाएं हिस्से में गोली लगी है और उन्हें नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारी के अनुसार, आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नूरूल अमीन ने बताया कि गढचिरौली में गोली लगने से घायल जवान को सोमवार सुबह भर्ती कराया गया था और उसकी हालत स्थिर है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!